YOUNG INDIA > YOUNG PAPER
NBT
नवभारत टाइम्स
www.navbharatgold.com
मूल्य सिर्फ 4.00 रु.
Vol 2 no 180

यमुना सिटी में 4 इंडस्ट्रियल टाउनशिप का मास्टर प्लान पास

■ विशेष संवाददाता, ग्रेटर नोएडा

मथुरा में बनेगी हैरिटेज सिटी

■ 32 हजार हेक्टेयर जमीन में चार इंडस्ट्रियल टाउनशिप बसाई जाएंगी

■ पहली इंडस्ट्रियल टाउनशिप के लिए जेवर इलाके में जमीन का आवंटन शुरू कर दिया गया है

यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे ग्रेनो से आगरा तक 32 हजार हेक्टेयर जमीन पर चार इंडस्ट्रियल टाउनशिप बसाई जाएंगी। इनमें से तीन का मास्टर प्लान प्रदेश सरकार ने अप्रूव कर दिया है। इसमें अलीगढ़ जिले में टप्पल-वाजना अर्बन सेंटर बनेगा। मथुरा में राया अर्बन सेंटर होगा, जिसमें वृंदावन हैरिटेज सिटी बसाई जाएगी। यह जानकारी यमुना अथॉरिटी की ओर से औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना को दी गई है। महाना ने बुधवार को ग्रेनो में तीनों अथॉरिटी के साथ समीक्षा बैठक की थी।

हाल ही में यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने हाईवे और एक्सप्रेसवे के किनारे इंडस्ट्रियल एरिया विकसित करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद यमुना अथॉरिटी इन टाउनशिप को लेकर हरकत में आई है। बुधवार को प्रेजेंटेशन के दौरान यमुना अथॉरिटी के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह की ओर से कहा गया कि वह इंडस्ट्री के लिए 40 प्रतिशत जगह रिजर्व कर रहे हैं। ये प्रावधान मास्टर 2041 में शामिल किया जा रहा है। इसी के तहत चार इंडस्ट्रियल टाउनशिप बसेंगी। पहली इंडस्ट्रियल टाउनशिप बसाने के लिए जेवर इलाके में जमीनों का आवंटन शुरू कर दिया गया है। यहां 1400 हेक्टेयर जमीन पर इलेक्ट्रॉनिक सिटी, लॉजिस्टिक हब और एविएशन से संबंधित उद्योगों के लिए रिजर्व की गई है। इस संबंध में यूपी सरकार से मास्टर प्लान पास हो गया है। एनसीआर प्लानिंग बोर्ड में भी इसका प्रस्ताव भेजा जा चुका है।

दूसरी टाउनशिप यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे 11 हजार 4 हेक्टेयर जमीन पर अलीगढ़ के पास बसेगी। इसे टप्पल-वाजना अर्बन सेंटर नाम दिया गया है। यूपी सरकार से इसका मास्टर प्लान भी पास हो गया है। यहां 16.2 प्रतिशत एरिया में इंडस्ट्रह और 14.5 प्रतिशत जगह मिक्स लैंड यूज के लिए रिजर्व की गई है।

तीसरी टाउनशिप 9366 हेक्टेयर जमीन पर मथुरा जिले में बसेगी। यहां राया अर्बन सेंटर बसेगा। इसमें 20.1 प्रतिशत इंडस्ट्री होगी। 2.5 प्रतिशत में मिक्स लैंड यूज होगा। इसका मास्टर प्लान भी यूपी सरकार ने पास कर दिया है। यहां वृंदावन हैरीटेज सिटी भी बसाई जाएगी।

आगरा में चौथी टाउनशिप बसाई जानी है। यहां 12 हजार हेक्टेयर जमीन पर ये नई टाउनशिप होगी। इसका मास्टर प्लान तैयार करने का काम शुरू कर दिया गया है। तैयार होने के बाद इसे यूपी सरकार से पास कराया जाएगा।